भारत सरकार
कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 525
दिनांक 25.06.2019

नए कृषि विज्ञान केंद्र

525. श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार कर्नाटक के चिक्कोडी क्षेत्र में नए कृषि विज्ञान केन्द्र स्थापित करने पर विचार कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) ये केन्द्र कब तक स्थापित किए जाएंगे?

उत्तर

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री कैलाश चौधरी)

(क) जी, नहीं। बेलगावी जिले में पहले से ही दो कृषि विज्ञान केंद्र कार्यरत हैं नामत:

(i) भा॰कृ॰अ॰प - कृषि विज्ञान केंद्र, बेलगावी-1
पोस्ट: तुक्कानाट्टी,
तालुक : गोकक
जिला: बेलगावी-591224
{(मेजबान संगठन: बेलगांव इंटीग्रेटेड रुरल डेवलपमेंट सोसाइटी (बर्ड्स)}

(ii) भा॰कृ॰अ॰प - कृषि विज्ञान केंद्र, बेलगावी- 2
पोस्ट: मट्टीकोप्प,
तालुक : बैलहोंगल
जिला: बेलगावी-591 147
{(मेजबान संगठन : कर्नाटक लिंगायत एजुकेशन सोसाइटी, (के एल ई)}

इस प्रकार, तुक्कानाट्टी गोकक तालुक, बेलगावी में एक गैर सरकारी संगठन द्वारा सहायता प्राप्त कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्षेत्र में चिक्कोडी क्षेत्र शामिल है।

(ख) एवं (ग): उपर्युक्त (क) के उत्तर के मद्देनज़र प्रश्न नहीं उठता।

****